

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## IndiGo: शुक्रवार को इंडिगो की 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द

### एयरलाइन ने सरकार से मांगी 10 फरवरी तक की मोहलत




इंडिगो एयरलाइन का परिचालन संकट अभी कुछ दिनों तक और जारी रहेगा। ऐसे में लाखों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एयरलाइन ने माना है कि वे क्रू की समस्या का अंदाजा नहीं लगा सके और योजना बनाने के स्तर पर उनसे गलती हुई। अब एयरलाइन ने सरकार से 10 फरवरी तक नियमों में छूट देने की मोहलत मांगी है। शुक्रवार को इंडिगो की 400 से ज्यादा उड़ानें अब तक रद्द हो चुकी हैं। इनके अलावा बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी भी हुई है। दिल्ली हवाई अड्डे पर ही 220 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं, जिनमें आगमन और प्रस्थान वाली दोनों उड़ानें शामिल हैं। बंगलूरू हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानों के रद्द होने की खबर है। हैदराबाद एयरपोर्ट पर 90 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। इनके अलावा देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी कई उड़ानों में देरी हुई है। एयरलाइन ने कहा है कि ठंड के मौसम में जब धुंध और भीड़ रहती है, तब क्रू की कमी की समस्या और गंभीर हो गई। इंडिगो ने कहा है शेड्यूल को स्थिर करने की कोशिशें अगले दो-तीन और जारी रह सकती हैं। जिससे और उड़ानें कैंसिल होंगी। हालांकि 8 दिसंबर से एयरलाइन अपने फ्लाइट ऑपरेशन कम कर देगी, जिससे उड़ानें रद्द होने की समस्या कम हो सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA), एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) और इंडिगो के शीर्ष अधिकारियों के साथ बीती रात समीक्षा बैठक की और हालात का जायजा लिया। सरकार ने कहा कि नवंबर के आखिर से देश भर में उड़ानों के रद्द होने में भारी बढ़ोतरी के बाद वह एयरलाइन के नेटवर्क पर करीब से नजर रख रही है। इंडिगो एयरलाइन हर दिन 170 से 200 उड़ानें रद्द कर रही है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

## पुतिन का भारत दौरा


### एस-500 पर नजर, Su-57 पर चर्चा की खबर, जानें रक्षा क्षेत्र में रूस से क्या चाहती है सरकार




रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आज भारत दौरे का दूसरा दिन है। इसी के साथ दोनों देशों के मजबूत रिश्तों को एक नई गति मिलने की संभावना है। व्यापार और सामरिक-कूटनीतिक समझौतों के साथ-साथ दोनों देशों की निगाह एक बार फिर रक्षा समझौतों पर होगी। दरअसल, भारत के रिश्ते रूस से उस समय से स्थापित हैं, जब सोवियत संघ का विघटन तक नहीं हुआ था। भारत उस दौर से ही अपनी रक्षा खरीद के लिए रूस पर निर्भर था। बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा जरूरतों के लिए फ्रांस, इस्राइल और अमेरिका का रुख जरूर किया है, लेकिन अब भी भारत की ज्यादातर रक्षा आपूर्ति रूस से ही होती है।

**एस-400 डिफेंस सिस्टम**

भारत पहले ही रूस से एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीद चुका है। हालांकि, अब तक देश के पास सीमित एस-400 सिस्टम हैं और वह कम से कम पांच रेजिमेंट एस-400 और खरीदने की तैयारी में है, जिसे भारतीय सेना पाकिस्तान और चीन से लगती सीमा के करीब अपने रक्षा ढांचों की सुरक्षा के लिए तैनात कर सकती है। इसके अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में भी एस-400 का सुरक्षा ढांचा मुहैया कराया जा सकता है।




## Bihar SEZ : केंद्र से मंजूर बिहार के SEZ में क्या-क्या होगा? 125 एकड़ के दो सेज़ कहां बनेंगे, तैयारी देखिए





बिहार में औद्योगिक क्रांति की जमीन अब तैयार हो रही है। केंद्र सरकार के मंजूर दो स्पेशल इकॉनमिक ज़ोन (SEZ) पर राज्य के उद्योग विभाग ने काम शुरू कर दिया है। पश्चिम चंपारण के कुमारबाग और बक्सर के नावानगर में यह सेज़ तैयार होना है। दोनों सेज़ लगभग 125-125 एकड़ में विकसित किए जाएंगे। बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के पास जमीन है, जिसपर इसे विकसित किया जाएगा। बिहार में औद्योगिक क्रांति की जमीन अब तैयार हो रही है। केंद्र सरकार के मंजूर दो स्पेशल इकॉनमिक ज़ोन (SEZ) पर राज्य के उद्योग विभाग ने काम शुरू कर दिया है। पश्चिम चंपारण के कुमारबाग और बक्सर के नावानगर में यह सेज़ तैयार होना है। दोनों सेज़ लगभग 125-125 एकड़ में विकसित किए जाएंगे। बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के पास जमीन है, जिसपर इसे विकसित किया जाएगा।

**क्या होता है SEZ, किसे मिलेगा फायदा**

स्पेशल इकॉनमिक ज़ोन एक ऐसा क्षेत्र विकसित किया जाता है, जहां कई तरह की औद्योगिक इकाइयों को आधारभूत सुविधाओं के साथ जगह दी जाती है। मतलब, इस क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना न केवल आसान होगी, बल्कि सरकारी तंत्र उसे हर तरह की आधारभूत सुविधाएं भी देगा और सुरक्षा भी। बिहार में जो सेज़ बनेंगे, उसमें 25-30 औद्योगिक इकाइयों को जगह मिल सकेगी।

## RBI MPC Interest Rates Update:


### रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती; आरबीआई एमपीसी का फैसला, जानिए EMI पर क्या असर?




भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को यह एलान किया। विशेषज्ञों ने पहले ही ब्याज दरों कटौती का अनुमान जताया था। इससे पहले, खुदरा महंगाई में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से तीन चरणों में रेपो दर में एक फीसदी कटौती की थी। विशेषज्ञों का कहना है, विकास दर मजबूत बनी हुई है, लेकिन खुदरा मुद्रास्फीति में तेज गिरावट ने दर में कटौती की अतिरिक्त गुंजाइश पैदा कर दी यहां तक कि आरबीआई गवर्नर ने भी पिछले महीने कहा था कि नीतिगत ब्याज दरों में और कटौती की गुंजाइश है। गवर्नर ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट्स (0.25%) की कटौती का एलान किया है,

## Cyber Crime: नोएडा में सबसे बड़ी साइबर ठगी

### आर्किटेक्ट से 12 करोड़ रुपये लूटे, निवेश पर मुनाफे का दिया झांसा



साइबर जालसाजों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर झांसा देकर आर्किटेक्ट से करीब 12 करोड़ की ठगी कर ली है। यह नोएडा में अब तक की सबसे बड़ी व्यक्तिगत साइबर ठगी है। जालसाजों ने एप डाउनलोड कराकर वारदात को अंजाम दिया। साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-47 निवासी आर्किटेक्ट व कंसल्टेंट इंजीनियर ने कहा कि 17 अक्तूबर को उनके पास कियारा शर्मा ने मैसेज किया था। खुद को इनवेस्टमेंट कंसल्टेंट बताने वाली कियारा ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा हासिल करने की बात कही थी। दोनों के बीच बातचीत हुई। पीड़ित उसकी बातों में आ गया। इस पर महिला ने आर्किटेक्ट को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। बाद में उन्होंने कई बार कर 11.99 करोड़ रुपये बताए खाते में डाल दिए।

# Aaj Ka Rashifal 05 December

## तुला और मकर समेत इन चार राशि वालों को मिल सकती है अच्छी खबरें

05 December Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 05 दिसंबर 2025 का राशिफल।आज 5 दिसंबर, शुक्रवार को शुक्र आदित्य राजयोग का प्रभाव अत्यंत मजबूत रहने वाला है। इस दिन शुक्र और सूर्य की युति वृश्चिक राशि में होने से यह शुभ योग बनता है।



### मेष

आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलें। आप अपनी किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जा सकते हैं। किसी पैतृक संपत्ति से भी आपको धन लाभ होता दिख रहा है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको बाहर के खाने पीने से परहेज रखने की आवश्यकता है। माताजी के आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपको नुकसान देगा, इसलिए आज आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा। पढ़ाई लिखाई पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आप अपनी इन्कम को लेकर थोड़ा सावधान रहें और किसी को धन उधार देने से बचें। आप आज किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन सांसारिक सुखभोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी, तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करेंगे। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। राजनीति में आपको आपके कामों के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी से कोई लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। यदि आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, तो वह उनकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आज आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो वह कर सकते हैं। यदि आपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो वह भी दूर होगी। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। बिजनेस में अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया, तो बाद में इसमें आपको समस्या खड़ी हो सकती है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा, उसके बाद ही आपको सफलता हासिल होगी। आपको बिजनेस में मुताबिक काम मिल सकता है। आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी। आपकी किसी लिए गए निर्णय को लेकर आपको पछतावा हो सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# UP: 'नलकूप पर है लाश

## उठवा लो', पिता की हत्या कर थाने पहुंचा बेटा; इस विवाद में बेटे ने जन्मदाता को मार डाला

अलीगढ़ में एक युवक ने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। हत्या के बाद थाने पहुंचा। उसने पुलिस से कहा कि नलकूप पर पिता की लाश है, उसे उठवा लो। आरोपी खून से सनी लोहे की रॉड लेकर थाने पर पहुंचा था। अलीगढ़ के क्षेत्र के गांव तरसारा में बृहस्पतिवार सुबह संपत्ति विवाद में बेटे ने बुजुर्ग पिता की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बाद में खून से सनी लोहे की रॉड लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस वालों से कहा कि उसके पिता की लाश नलकूप पर पड़ी है। पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। घटना के संबंध में उनके छोटे बेटे ने अपने



बड़े भाई-भाभी, साले, व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिवार वालों ने बताया कि बनवारी लाल शर्मा रोडवेज के चालक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।सीओ महेश कुमार के अनुसार गांव तरसारा के बनवारी लाल शर्मा (72) सुबह नौ बजे अपनी बेटी की ससुराल जट्टारी से अपने गांव वापस आ रहे थे। वे गांव के बाहर अपने खेतों पर लगे नलकूप पर पहुंचे, तभी वहां उनका बड़ा बेटा यतेंद्र उर्फ योगेन्द्र कुमार मिला। जहां दोनों में कहासुनी हुई तो यतेंद्र ने नलकूप पर रखी रॉड से पिता पर हमला बोल दिया और जमीन पर गिरा लिया। इसके बाद पिता के सिर गर्दन और चेहरे पर बेरहमी से प्रहार करते हुए हत्या कर दी। पिता की हत्या के बाद यतेंद्र खून से सने कपड़े पहने व खून से सनी लोहे की रॉड लिए सडक़ मार्ग से कांडली होते हुए कोतवाली इगलास पहुंचा, यहां उसने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई अजय व पिता उस पर हमलावर हो गए

# आज दिल्ली में VIP मूवमेंट:

## घर से निकलने से पहले पढ़ लें यह खबर, ट्रैफिक में है बदलाव; कई रास्ते रहेंगे बंद



दिल्ली में आज वीआईपी मूवमेंट के कारण कई मार्ग बंद रहेंगे और कुछ रास्तों पर रूट बदले जाएंगे। सुबह दस से साढ़े ग्यारह बजे तक मदर टेरेसा क्रेसेंट मार्ग सहित कई सड़कों पर पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी और गलत पार्किंग पर कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली में वीआईपी मूवमेंट के चलते आज कई मार्ग व उनके कुछ हिस्से बंद रहेंगे। साथ ही कई रास्तों से यातायात को परिवर्तित किया जाएगा। नई दिल्ली जिले में पांच दिसंबर 2025 को ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए खास ट्रैफिक व्यवस्था की गई है।मदर टेरेसा क्रिसेंट, तीन मूर्ति मार्ग, अकबर रोड, एमएलएनजी, जनपथ रोड पर किसी भी गाड़ी को रुकने या पार्क करने की इजाजत नहीं होगी। इन सड़कों पर पार्क की गई गाड़ियां टो कर लिया जाएगा और गलत पार्किंग व कानूनी निर्देशों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। टो की गई गाड़ियों को ट्रैफिक पिट काली बाड़ी मंदिर मार्ग और भैरव मंदिर के सामने, ट्रैफिक पिट में जमा किया जाएगा।वंदे मातरम मार्ग-साइमन बोलिवर मार्ग, गोलचक्कर कौटिल्य मार्ग, सैन मार्टिन-मानस क्रॉसिंग।जनपथ रोड, गोलचक्कर विंडसर प्लेस, फिरोज शाह रोड, गोलचक्कर मंडी हाउस, सिकंदरा रोड औरडब्ल्यू-पॉइंट पर किसी भी गाड़ी को रुकने या पार्क करने की इजाज़त नहीं होगी। पार्क करने पर वाहनों को टो कर लिया जाएगा। जनपथ टॉल्स्टॉय मार्ग, टॉल्स्टॉय केजी मार्ग, रंजीत सिंह फ्लाईओवर बाराखंभा रोड, सुनहरी मस्जिद, आर/ए रेल भवन।जनपथ टॉल्स्टॉय मार्ग,टॉल्स्टॉय केजी मार्ग, रंजीत सिंह फ्लाईओवर बाराखंभा रोड, फिरोज शाह रोड, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू-पॉइंट,अकबर रोड,एमएलएनपी व जनपथ रोड।डीडीयू मार्ग, आसफ अली रोड, मौलाना आजाद रोड, के. कामराज मार्ग, रायसीना रोड व रफी मार्ग।जनपथ रोड, आर/ए विंडसर प्लेस, फिरोज शाह रोड, आर/ए मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू-पॉइंट, मथुरा रोड और भैरों मार्ग पर किसी भी वाहन को रुकने या पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। यहां वाहन पार्क किए तो टो कर लिया जाएगा।जनपथ टॉल्स्टॉय मार्ग, टॉल्स्टॉय केजी मार्ग, रंजीत सिंह फ्लाईओवर बाराखंभा रोड, डब्ल्यू -पॉइंट, एमएलएनपी, क्यू -पॉइंट, गोलचक्कर सुनहरी मस्जिद रोड, क्लेरिज होटल, अकबर रोड, मान सिंह रोड, मथुरा रोड पर एनएससीआई क्लब, भगवान दास रोड/तिलक मार्ग।जनपथ टॉल्स्टॉय मार्ग,

# 'धुरंधर' का पहला रिव्यू आया सामने, फैन ने ऑस्ट्रेलिया में देखी फिल्म



Dhurandhar Release: साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'धुरंधर' आज रिलीज हो गई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं और फिल्म के रिव्यू भी सामने आने लगे हैं।

जानिए क्या है 'धुरंधर' को लेकर लोगों की राय और किसने किया फिल्म के लिए चीयर...अहान शेट्टी ने आगे लिखा, 'ये फिल्म सिर्फ एक फिल्म नहीं है। इसमें असली बहादुरी, सच्ची देशभक्ति और सच्ची कहानियां हैं। 'धुरंधर' के निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और अभिनेत्री यामी गौतम ने फिल्म के लिए पोस्ट किया है। यामी ने पति आदित्य धर के साथ तस्वीर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज धुरंधर डे है।कुछ सबसे मेहनती और अनमोल लोग जिन्हें मैं जानती हूं और जिन्हें मैं अपना परिवार कहने पर गर्व करती हूं, आपने अपना पूरा दिल, समर्पण, लगन, इरादा, जुनून, पसीना, खून, आंसू (जो आप कभी दिखाते नहीं) इस इस फिल्म के लिए दिए हैं। आदित्य, आज बहुत सारी भावनाएं उमड़ रही हैं, कई दिल एक साथ धड़क रहे हैं। आप लोग अपनी शक्ति में धुरंधर हैं। धुरंधर 2025 का विदाई उपहार नहीं है, बल्कि दुनिया भर में हम सभी के लिए 2026 का स्वागत करने के लिए है। दर्शकों अब यह आपकी फिल्म है।'

## 'द ट्रेटर्स' के लिए करण जौहर को मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड, सोशल मीडिया पर जताई खुशी



फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है।करण जौहर बने बेस्ट होस्ट इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' ब्लैक वारंट' को भी मिला अवॉर्ड एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता। तान्या छाबड़िया को नेटफ्लिक्स सीरीज 'ब्लैक वारंट' के लिए बेस्ट एडिटिंग का अवॉर्ड मिला। आइवरी चिया बनीं बेस्ट एक्ट्रेस इवेंट में सिंगापुर की अभिनेत्री आइवरी चिया ने सपोर्टिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। चीन ने 'मुमु' के लिए बेस्ट फीचर फिल्म और 'स्ट्रेंज टेल्स ऑफ टैंग डायनेस्टी सेकंड टू द वेस्ट' के लिए बेस्ट ड्रामा सीरीज का अवॉर्ड जीता।

## मजाकिया अंदाज में नजर आए बिग बी, महिला क्रिकेट कोच से बोले- अलाउ करें जंक फूड; KBC17 में जमी महफिल



अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं।कोई शॉपिंग का शौकीन तो कोई एंग्री यंग वुमेन शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलतीउन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है। इसके तुरंत बाद, अमिताभ ने उत्सुकता से पूछा कि क्या टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने का जश्न पिज्जा खाकर मनाया था। फिर वह कोच अमोल मजूमदार की ओर मुड़े और कहा, 'अब तो यह वर्ल्ड कप जीत कर आए हैं। अब इन्हें जंक फूड अलाउड कर दो।'अमिताभ बच्चन ने किया डांसशो के एक दूसरे प्रोमो में अमिताभ बच्चन टीम से पूछते हैं कि आप लोग जीत का जश्न कैसे मनाते हैं।

## धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर देओल परिवार का अहम फैसला; फॉर्महाउस में होगा जश्न, फैंस के लिए भी खुलेंगे दरवाजे



Dharmendra 90th Birth Anniversary: अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को निधन हो गया। अपने 90वें जन्मदिन से चंद दिनों पहले उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। अब देओल परिवार ही-मैन की पुण्यतिथि को खास अंदाज में सेलिब्रेट करने की तैयारी कर रहा है। इस साल देओल फैमिली धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन को भव्य अंदाज में सेलिब्रेट करने की तैयारी कर रही थी, मगर वक्त और किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अफसोस की अपने जन्मदिन से चंद दिन पहले ही-मैन का निधन हो गया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की 08 दिसंबर को बर्थ एनिवर्सरी है। देओल परिवार इसे यादगार तरीके से सेलिब्रेट करने की तैयारी में है।खंडाला स्थित फार्महाउस पर होगा आयोजनअभिनेता धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन को उनके खंडाला स्थित फार्महाउस पर सेलिब्रेटि किया जाएगा। सनी देओल और बॉबी देओल अपने पिता का 90वां जन्मदिन शानदार तरीके से सेलिब्रेट करना चाह रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जश्न में वे धर्मेंद्र के फैंस को भी शामिल करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल और बॉबी देओल ने इस खास दिन को खूबसूरत अंदाज में मनाने का फैसला किया है। फैंस भी होंगे सेलिब्रेशन में शामिलरिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल और बॉबी देओल ने परिवार के सदस्यों के साथ धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर उनकी विरासत को श्रद्धांजलि देने के रूप में सेलिब्रेट करने की तैयारी की है। आयोजन अभिनेता के खंडाला स्थित फार्महाउस पर होगा। इस दिन को खास बनाने के लिए फैंस को भी शामिल किया जाएगा। इस दिन फार्महाउस के दरवाजे फैंस के लिए खुलेंगे। आयोजन की तैयारियां शुरूअभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद फैंस उनके अंतिम दर्शन नहीं कर पाए। परिवार ने जल्दबाजी में सीक्रेट तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक देओल परिवार ने इस पर विचार किया है कि कई फैंस चाहते थे कि उन्हें धर्मेंद्र से आखिरी बार मिलने या उन्हें देखने का मौका मिले। इसलिए, दिग्गज एक्टर की 90वीं बर्थ एनिवर्सरी पर उन्होंने उन फैंस के लिए फार्महाउस के गेट खोलने का फैसला किया है, जो आना चाहते हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहते हैं और परिवार से मिलना चाहते हैं'। सादगी के साथ इवेंट के आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

## 'दुनिया बदलने के लिए उम्र...', 'इक्कीस' में अरुण खेत्रपाल के किरदार को लेकर अगस्त्य नंदा ने बताई यह खास बात



हाल ही में मुंबई के नेवी नगर में हुए एक कार्यक्रम में अगस्त्य नंदा ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इक्कीस' को लेकर कई बातों का खुलासा किया। इस फिल्म में अगस्त्य ने सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाया है। अपने किरदार को लेकर जानें क्या है अभिनेता की राय। दुनिया बदलने के लिए उम्र की सीमा नहीं होती पीटीआई के अनुसार, अगस्त्य नंदा ने अपने किरदार को लेकर कहा, 'हम तीन साल से इस फिल्म के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। अरुण खेत्रपाल सिर्फ 21 साल के थे, फिर भी उन्होंने जो बहादुरी दिखाई, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। मुझे उम्मीद है कि युवा इस फिल्म को देखकर समझेंगे कि दुनिया बदलने के लिए कभी भी कम उम्र नहीं देखी जाती।''दुनिया बदलने के लिए उम्र...', 'इक्कीस' में अरुण खेत्रपाल के किरदार को लेकर अगस्त्य नंदा ने बताई यह खास बातAgastya Nanda On Ikkis: फिल्म 'इक्कीस' इस क्रिसमस यानी 25 दिसंबर 2025 को पूरे देश में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले अगस्त्य नंदा ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की ।'

# आरबीआई के नीतिगत फैसलों के बीच बाजार में सपाट कारोबार



केंद्रीय रिजर्व बैंक में नीतिगत दरों पर फैसला सुनाते हुए ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की। इस बीच शेयर बाजार में सपाट कारोबार देखने को मिल रहा है। वहीं पिछले दिन गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.51 अंक उछलकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 47.75 अंक की बढ़त के साथ 26,033.75 पर बंद हुआ।शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अत्यधिक उतार-चढ़ाव का रुख रहा। कारोबारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा का इंतजार कर रहे थे। विदेशी पूंजी के लगातार बहिर्वाह और मिश्रित वैश्विक रुझानों के बीच निवेशक भी किनारे पर ही रहे।शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 53.54 अंक बढ़कर 85,318.86 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 28.2 अंक बढ़कर 26,061.95 अंक पर पहुंच गया। बाद में दोनों बेंचमार्क उच्च और निम्न स्तर के बीच कारोबार कर रहे थे, जो अस्थिर प्रवृत्ति को दर्शाता है।भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट्स (0.25%) की कटौती का एलान किया है, इसके बाद नई दर 5.50% से गिरकर 5.25% पर आ गई है।सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, मारुति, पावर ग्रिड, इंफोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फाइनेंस प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट पिछड़ने वालों में शामिल रहे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.17 प्रतिशत गिरकर 63.15 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,944.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,661.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 158.51 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 85,265.32 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 47.75 अंक या 0.18 प्रतिशत चढ़कर 26,033.75 पर बंद हुआ। जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक कम कारोबार कर रहा था।गुरुवार को अमेरिकी बाजार सपाट स्तर पर बंद हुए।

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से 26 पैसे उछला
## अभी भी 100 तक जाने की आशंका



अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप की खबरों के चलते बृहस्पतिवार को रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 26 पैसे बढ़कर 89.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दिन की शुरुआत में रुपया कमजोर खुला व विदेशी निवेशकों के बिकवाली के दबाव से 90.43 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक चला गया। कुछ विश्लेषकों ने इसके 100 के स्तर तक जाने की आशंका जताई है।विश्लेषकों के अनुसार, कुछ खास नकारात्मक परिस्थितियों में 100 के स्तर को पार करना संभव है, हालांकि यह आधारभूत स्थिति नहीं है। अब तक गिरावट स्थिर रही है। अचानक नहीं और इसकी जड़ कमजोर निर्यात, भारी विदेशी निकासी व अमेरिकी डॉलर के पक्ष में बने वैश्विक माहौल का मिश्रण है। रुपये में 4 दिसंबर को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही। इससे 2025 में एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। यह गिरावट मजबूत जीडीपी आंकड़ों और जबरदस्त घरेलू मांग के बावजूद आई है। यह दर्शाता है कि हाल के महीनों में बाहरी दबाव तेजी से बढ़ा है।रुपये का 90 रुपये के पार जाना उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य प्रसाधन और कार कंपनियों को कीमतें बढ़ाने पर विचार करने के लिए मजबूर कर रहा है। इससे जीएसटी कटौती से हाल ही में बिक्री में हुई वृद्धि पर असर पड़ सकता है। आयात पर अत्यधिक निर्भर कंपनियां कमजोर रुपये के कारण कीमतों में 3-7 फीसदी की वृद्धि की योजना बना रही हैं।

# गोल्डीलॉक्स' दौर में भारतीय इकोनॉमी ग्रोथ का अनुमान बढ़ा, महंगाई कम




भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अपनी पांचवीं मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) के नतीजों का एलान कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को न केवल रेपो रेट में कटौती कर कर्जदारों को राहत देने की खबर दी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद शानदार तस्वीर भी पेश की है।गवर्नर ने मौजूदा स्थिति को 'गोल्डीलॉक्स' काल बताया है। अर्थशास्त्र की भाषा में यह वह स्थिति होती है जब इकोनॉमी में न तो बहुत ज्यादा तेजी होती है और न ही बहुत अधिक मंदी, बल्कि सब कुछ 'बिल्कुल सही' संतुलन में होता है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8% की जीडीपी ग्रोथ और कम होती महंगाई दर एक आदर्श स्थिति है। इसे उन्होंने 'गोल्डीलॉक्स' काल कहा है। इसका मतलब है कि भारत तेज विकास की पटरी पर है और महंगाई भी काबू में है, जो भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है।अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए आरबीआई ने पूरे वित्त वर्ष 2026 (FY26) के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ा दिया हैआरबीआई ने पूर्व में 6.8% की वृद्धि दर का अनुमान जताया था। अब इसे बढ़ाकर 7.3% कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में जारी तेजी से विकास दर अनुमान से बेहतर रहेगी।आम आदमी के लिए सबसे अच्छी खबर महंगाई के मोर्चे पर है। गवर्नर ने कहा कि अक्तूबर के बाद से महंगाई में तेजी से गिरावट आई है। नए अनुमानों में आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 2.6% से घटाकर अब सीधा 2% कर दिया है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में आपकी जेब पर बोझ और कम हो सकता है।तीन दिन तक चली बैठक में एमपीसी ने सर्वसम्मति से अपना रुख 'न्यूट्रल' या तटस्थ रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह है कि आरबीआई अब सिर्फ महंगाई को रोकने पर ही फोकस नहीं कर रहा/

# पुतिन के दौरे से व्यापार घाटा कम
## मेड इन इंडिया और नई तकनीक को बड़ा सहारा




भारत की प्राथमिकता इस बार व्यापार घाटा कम करने और रूस के साथ आर्थिक साझेदारी को संतुलित करने पर है। सरकार फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल और कृषि उत्पादों के लिए रूस में नए बाजार तलाशने को लेकर आत्मविश्वास से भरी है।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा में भारत का जोर रूस से साथ व्यापार घाटा कम करने पर रहेगा। भारत की निगाहें विभिन्न करारों के माध्यम से फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल और कृषि क्षेत्र के लिए नए बाजार की तलाश पर होगी। राष्ट्रपति पुतिन की ओर से नो लिमिट्स पार्टनरशिप प्रस्ताव पेश किए जाने से रक्षा के क्षेत्र में भारत के मेड इन इंडिया अभियान को मजबूती मिलने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी हस्तांतरण का भी लाभ मिलेगा।दरअसल बीते साल भारत और रूस के बीच करीब 63.6 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। इसमें भारत के निर्यात की हिस्सेदारी महज 5.6 अरब डॉलर ही थी। दोनों देशों के बीच बीते साल व्यापार में 12 फीसदी बढ़ोतरी का मुख्य कारण भारत की ओर से रूस से भारी मात्रा में तेल का आयात करना था। सरकारी सूत्रों का कहना है कि पुतिन के दौरे में आर्थिक सहयोग बढ़ाने के संभावित फैसले से दोनों देशों के बीच आयात-निर्यात में अंतर में व्यापक सुधार दर्ज किया जाएगा।रूस से तेल आयात के कारण अमेरिका की ओर से थोपे गए 50% टैरिफ का असर कम करने के लिए भारत ने उन वस्तुओं के लिए नए बाजार की तलाश की थी, जिसका सर्वाधिक निर्यात अमेरिका को होता था। इसके लिए भारत ने कई यूरोपीय देशों के साथ अरब देशों में निर्यात बढ़ाया। इसके कारण अमेरिकी टैरिफ के असर को कम किया जा सका। इस कड़ी में रूस के जुड़ने से टैरिफ का असर और कम होगा।कूटनीतिक विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी का मानना है कि पुतिन के दौरे को कुछ बड़े करार पर हस्ताक्षर तक सीमित करना इसके महत्व को कम करने जैसा होगा। इससे अधिक यह दौरा भूराजनीतिक संदेश के संबंध में है। भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह पश्चिम के थोपे गए हमारे साथ या हमारे खिलाफ के विकल्प को अस्वीकार करते हुए अपनी अलग राह चुनेगा।भारत परोक्ष रूप से संदेश देना चाहता है कि वह वैश्विक शक्ति समीकरण में बदलाव के बावजूद अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखेगा। वह सिर्फ चीन के भरोसे नहीं है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# Virat Kohli: 53 शतक और 34 वेन्यू

## भारत नहीं; कोहली ने श्रीलंका-बांग्लादेश के इन शहरों में लगाए सर्वाधिक सैकड़ा



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भले ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने साबित किया है कि रन बनाने की भूख अब भी उनमें बाकी है। कोहली वनडे में 53 शतक लगा चुके हैं। आइए जानते हैं कि कोहली ने दुनिया के किन वेन्यू पर कितने शतक लगाए हैं। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शतक लगा चुके हैं। 2027 वनडे विश्व कप में खेलने के लिए प्रयासरत कोहली ने लगातार दो शतक लगाकर साबित कर दिया है उनके अंदर रन बनाने की भूख अभी भी बाकी है।




कोहली ने 11वीं बार वनडे में लगातार दो शतक लगाए हैं और वह इस मामले में सभी से काफी आगे हैं। भारत ही क्या अन्य कोई भी देश का बल्लेबाज इस मामले में उनके करीब भी नहीं है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं जिन्होंने वनडे में छह बार लगातार दो शतक लगाए हैं। कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे।

### दूसरा क्वार्टर

रायपुर में दिखा कोहली का पुराना अंदाज
कोहली अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और फिर रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगाया। कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।



# भारत-द.अफ्रीका टी-20 मैच की टिकट दरें जारी

टेस्ट सीरीज में 0-2 की हार और पहले वनडे में टीम इंडिया को मिली नजदीकी जीत के बाद द. अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में इन दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले पांच टी-20 मुकाबलों का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलेगा। सीरीज के तहत लखनऊ में 17 दिसंबर होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले को लेकर प्रशंसकों के बीच क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार शाम 4.30 बजे ऑनलाइन टिकट दरें जारी करने के दो घंटे के भीतर ही 11 लाख रुपये की टिकटें बिक गई हैं। इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में टी-20 मुकाबले के लिए टिकट दरें जारी की गई। इसका अधिकतम टिकट 999 रुपये से शुरू होकर 25 हजार रुपये तक रखा गया है। जारी दरों के तहत जनरल स्टैंड के टिकट




999 से शुरू होकर तीन हजार रुपये तक होंगे, जबकि सेमी-हॉस्पिटेलिटी की दर चार हजार और पांच हजार होंगी। हॉस्पिटेलिटी टिकट की कीमत 10 हजार, 12 हजार, 14 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार निर्धारित की गई है। यहां चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीमों ने खूब रन बनाए हैं। उम्मीद है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में खूब रन बरसेंगे और प्रशंसक इसका पूरा लुत्फ उठाएंगे। इस अवसर पर यूपीसीए के कोषाध्यक्ष आनंद शुक्ला ने कहा कि इकाना स्टेडियम विश्वकप, आईपीएल समेत तमाम बड़े आयोजनों की सफल मेजबानी कर चुका है। पूर्व के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की भांति भारत और दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान यूपीसीए के निदेशक रियासत अली, सीईओ अंकित चटर्जी और मीडिया मैनेजर मो. फहीम मौजूद रहे।

# नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट: टूर्नामेंट जारी

## मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल आज



नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीमों ने जीत दर्ज की। 1 दिसंबर को मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एएमयू के विलिंग्डन पवेलियन मैदान पर खेले गए 20 ओवर के मैच में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा को छह विकेट से हरा दिया। कुरुक्षेत्र की टीम 20 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी जामिया ने 17.5 ओवर में 145 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। एमएलसी प्रो. तारिक मंसूर ने कैफ को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। स्टेडियम में खेले गए मैच में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी को एकतरफा मुकाबले में 175 रन से हरा दिया। अमृतसर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 237 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भिवानी की टीम 10.4 ओवर में 62 रन पर सिमट गई। अमृतसर के दीपांशु ने 3.4 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट झटके। मार्क क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने एमडीयू रोहतक को चार विकेट से हरा दिया। रोहतक की टीम 30 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। मोहाली के हर्षदीप सिंह ने चार व रितिक ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में उतरी मोहाली ने 24.2 ओवर में 143 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैच जीतकर मोहाली की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

# क्रावले और रूट के बीच 60+रनों की साझेदारी, ऑस्ट्रेलिया को अब तक दो सफलताएं

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ब्रिसबेन के गाबा में दूसरा एशेज टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दोनों टीमों के बीच ये दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिलहाल 1-0 से आगे चल रही है।इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। यह दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। हालांकि, जैक



क्रावले और जो रूट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 70 रन के पार पहुंच गया है।इंग्लैंड की ओर से जैक क्रावले और बेन डकेट पारी की शुरुआत करने उतरे,

# Azlan Shah Hockey Cup: बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब, फाइनल में भारत को 1-0 से हराया



**बेल्जियम ने रविवार** को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया। आखिरी क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने की बहुत कोशिश की लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

# लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद

## बने को-लीडर; विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा

**भारतीय ग्रैंडमास्टर** आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21



चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।